तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 1 फरवरी 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 विधायक दीपेश ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन





10 सिक्सलेन ओवरब्रिज का निर्माण धीमा, उड़ रही धूल...




## खबर संक्षेप

### आज 1 फरवरी को अवकाश घोषित नहीं प्रक्रिया जारी रहेगी नामांकन पत्र जमा होंगे

**बेमेतरा।** त्रिस्तरीय पंचायतों और नगरपालिकाओं के आम निर्वाचन 2025 के लिए समय-सारणी जारी की गई है। छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग अधिसूचना जारी कर बताया है कि 1 फरवरी 2025 को सार्वजनिक अवकाश घोषित नहीं किया गया है। इसलिए, नामांकन पत्र जमा करने की प्रक्रिया इसी दिन सुचारू रूप से सम्पन्न की जाएगी। इसी परिपेक्ष्य मे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने सभी उम्मीदवारों से आग्रह है कि वे निर्धारित तिथि के अनुसार अपने नामांकन पत्र जमा करें और निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से टीवीएस चालक की मौत

**बालोद।** शुक्रवार की सुबह 5 बजे ग्राम भर्रीगांव में अज्ञात वाहन ने टीवीएस वाहन चालक धमतरी निवासी नरेश साहू को टक्कर मार दी, जिससे घटना स्थल पर ही टीवीएस वाहन चालक की मौत हो गई। पुरूर पुलिस के अनुसार ग्राम बेलतरा धमतरी निवासी नरेश साहू 55 वर्षीय टीवीएस वाहन क्रमांक सीजी 05 एबी 9433 से ग्राम उसरवारा की ओर जा रहा था, ग्राम भर्रीगांव में पहुंचा था तभी अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी, जिससे नरेश साहू के सिर में तथा शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। मृतक गांव-गांव में जाकर चनाबूट बेचने का काम करता था।

### बाइक की ठोकर से राहगीर की मौत

**बालोद।** ग्राम परेंगुड़ा मार्ग पर पैदल चल रहे व्यक्ति को बाइक चालक ने टक्कर मार दी, जिससे पैदल चल रहे व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को बालोद थाने में बाइक चालक के खिलाफ धारा 281, 106(1) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार सोमवार को बनवाली राम निषाद 53 वर्ष राम परेंगुड़ा में सड़क किनारे स्थित शिव मंदिर परिसर में माइक लगाने गया था। वहां से वापस पैदल आ रहा था। इस दौरान बाइक चालक ने टक्कर मार दी। घटना के बाद बनवाली को धमतरी के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। बाइक की टक्कर से सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में चोट लगी थी।

### एकलव्य आवासीय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा अब 2 मार्च को

**बालोद।** आदिम जाति कल्याण अवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति रायपुर द्वारा संचालित एकलव्य आवासीय विद्यालयों में शिक्षा सत्र 2025–26 के लिए अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन 2 मार्च को किया जाएगा।

### नाम वापसी के अंतिम दिन अध्यक्ष का एक और पार्षद के 9 प्रत्याशियों ने आवेदन वापस लिया

# नपा अध्यक्ष के लिए चार उम्मीदवार 21 वार्डों के लिए 59 प्रत्याशी मैदान में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के एकमात्र नगर पालिका बेमेतरा के लिए अब नामांकन की वापस लिए जाने के बाद शहर की राजनीति की तस्वीर पूरी तरह साफ हो चुकी है। अब नगर पालिका अध्यक्ष पद पर मैदान में चार उम्मीदवार मैदान रह गए हैं। इसमें भाजपा से विजय सिन्हा और कांग्रेस से सुमन गोस्वामी है, वहीं निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर पूर्व पार्षद घनश्याम देवांगन, शिवकुमार साहू मैदान में रह कर ताल ठोक रहे हैं। इसी तरह नगर पालिका के 21 वार्डों के लिए 59 उम्मीदवार मैदान में रह गए। नामांकन दाखिल करने से लेकर अंतिम दिन तक नगर पालिका अध्यक्ष के लिए एक उम्मीदवार व पार्षद के 9 नामांकन वापस लिए गए हैं।

### शहर संग्राम के प्रचार में आई तेजी

राज्य शासन के द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार इस वर्ष नगरी निकाय चुनाव एवं त्रिस्तरीय पंचायती राज का चुनाव एक ही साथ संपन्न करने का निर्णय लिया गया है, जिसके चलते नगरी निकाय चुनाव के लिए नाम वापसी की तिथि समाप्त हो गई तथा नाम वापसी के उपरांत चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवार मैदान में रह गए जिनके द्वारा अपने अपने पक्ष में प्रचार प्रसार का काम भी तेजी से शुरू कर दिया गया है। हालांकि शुरुआती दौर में पार्टी के अधिकृत उम्मीदवारों द्वारा अपने-अपने चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के बहाने एक तरह से कार्यकर्ताओं को रिझाने एवं मतदाताओं तक पहुंचकर पार्टी के रीति एवं नीति को बताकर पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील करने की बात कही जा रही है, जिसके चलते उम्मीदवार एवं उनके समर्थक अब पूरी तरह से वार्डों की परिक्रमा में लग चुके हैं।



### वार्डों के विकास के साथ-साथ मीठा पानी होगा मुख्य मुद्दा

उम्मीदवारों द्वारा मतदाताओं को रिझाने के तमाम जतन किए जा रहे हैं, किंतु जिला मुख्यालय बेमेतरा की अगर बात की जाए तो जिला मुख्यालय बेमेतरा में खारा पानी एक अहम समस्या बनकर खड़ी है। इस मसले पर राज्य शासन द्वारा आवंटित राशि खर्च तो की जाती है पर वास्तव में शहरवासियों को मीठा पानी की आपूर्ति हो नहीं पा रही है। लगभग 13 साल पहले पुरानी परियोजना का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन नहीं हो पाना एवं आज भी लोगों को खारा पानी से जीवन यापन करने के लिए मजबूर होना शहर की एक बड़ी समस्या कहीं जा सकती है।

### 13 सालों में सरकारें बदली पर शहर वासियों को खारे पानी से नहीं मिली निजात

गौरतलब हो कि 13 साल पुरानी पेयजल आवर्धन योजना में अब तक लगभग 22 करोड़ रुपए से भी ज्यादा की राशि खर्च की जा चुकी है। आश्चर्य की बात तो यह है कि प्रदेश में इस दौरान भाजपा और कांग्रेस दोनों की सरकार रहीं, दोनों ही पार्टी के विधायक रहे तथा नगर पालिका में भी दोनों ही पार्टियों का कब्जा रहा, किंतु इसे विडंबना ही कहा जा सकता है कि विपक्ष में रहने पर आरोप प्रत्यारोप तो जरूर चलता ही रहा पर वास्तव में शहर वासियों को खारे पानी से निजात मिल नहीं पायी और मूलभूत आवश्यकताओं के अतिरिक्त मीठा पानी आज भी शहर की वही पुरानी समस्या की तरह खड़ी हुई है। देखने वाली बात यह है कि आने वाली सरकार मतदाता जिस पर अपना भरोसा करेंगे क्या वह मतदाताओं की अपेक्षाओं पर खरा उतर पाएगा और शहर वासियों को क्या खारे पानी से निजात दिला पाएगा। यह प्रश्न आज भी शहर वासियों के समक्ष खड़ा हुआ है, जिस पर शहर वासियों को निर्णय लेना है।

# प्रेक्षक बाजपेयी ने किया प्रशिक्षण कक्ष एवं मतदान केंद्रों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों को सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से बेमेतरा जिले में आई.एफ.एस. अधिकारी अमिताभ बाजपेयी को निर्वाचन हेतु सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। चुनावी प्रक्रिया की निगरानी के तहत श्री बाजपेयी ने बीते दिवस शाम 5 बजे जिला मुख्यालय स्थित शासकीय कन्या शाला में चल रहे निर्वाचन प्रशिक्षण कक्ष का निरीक्षण किया जहाँ अधिकारी एवं कर्मचारी मतदान से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भी साथ थे । प्रेक्षक बाजपेयी ने प्रशिक्षण कक्ष में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों से चुनावी प्रक्रिया से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण सामग्री और प्रक्रिया की समीक्षा की, जिससे सुनिश्चित हो सके कि सभी निर्वाचन कर्मी मतदान प्रक्रिया, ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) के उपयोग और आदर्श आचार संहिता से भली-भांति अवगत हों। बाजपेयी ने इस बात पर विशेष ध्यान दिया कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी चुनावी कार्यों के लिए पूरी तरह से प्रशिक्षित और तैयार हों।

- नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025

प्रशिक्षण कक्ष के निरीक्षण के बाद, प्रेक्षक बाजपेयी ने जिले के मतदान केंद्रों का दौरा भी किया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर की गई तैयारियों का अवलोकन किया और चुनाव अधिकारियों से आवश्यक सुविधाओं जैसे मतदान केंद्रों पर सुरक्षा प्रबंध, शारीरिक रूप से अक्षम मतदाताओं के लिए सुविधाएं, और मतदान प्रक्रिया की पारदर्शिता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदान केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएँ समय पर पूरी कर ली जाएं ▶▶| शेष पेज 11 पर

### भाजपा ने 14 सीटों के लिए किया नामों का ऐलान, कांग्रेस ने 14 में से 7 की घोषणा, 7 पर फंसा पेंच

# जिपं सदस्यों के लिए भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले को नगरीय निकायों के लिए अपने अधिकृत अध्यक्ष एवं पार्षद प्रत्याशियों के नामों की घोषणा करने के बाद अब भारतीय जनक पार्टी व कांग्रेस ने त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जिला पंचायत सदस्यों के लिए भी अपने अधिकृत प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर दिया है। हालांकि जिला पंचायत की कुल 14 सीटों में से भाजपा ने जहां पूरे 14 सीटों की सूची जारी कर दी है, वहीं कांग्रेस ने अभी सिर्फ 7 सीटों पर ही अपने अधिकृत प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया है। शेष सीटों के लिए प्रत्याशियों के नामों का ऐलान अभी बाकी है। बताया जा रहा की कांग्रेस की बची 7 जिला पंचायत क्षेत्र में दावेदारों की संख्या बढ़ गई, जिसके चलते इन क्षेत्रों में पेंच फंसा हुआ है।

- भाजपा ने जिला पंचायत की सभी 14 सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित किए
- कांग्रेस केवल 7 उम्मीदवारों के नाम को किया जारी

प्रदेश भाजपा संगठन की अनुमति से जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू द्वारा जारी सूची के मुताबिक भाजपा ने जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 कठौतिया अनारक्षित (महिला) के लिए हेमलता पटेल, 2 बालसमुंद से अनारक्षित (मुक्त) दिलीप सिंह ठाकुर, 3 चंदनू बेमेतरा अनुसूचित जनजाति (महिला) गायत्री नेताम, क्षेत्र 4 अनुसूचित जाति (महिला) बसनी बेमेतरा से लक्ष्मी देशलहरा वही क्षेत्र 5 माल्दा नवागढ़ अनारक्षित (मुक्त) राजेश साहू, 6 संबलपुर नवागढ़ अनुसूचित जाति (मुक्त) से मंत्री दयाल दास बघेल के पुत्र अंजू बघेल फिर से मैदान में उतारा गया है। 7 प्रतापपुर नवागढ़ अनुसूचित जाति (महिला) कमसुरत बघेल, क्षेत्र 8 उमरावनगर साजा में अन्य पिछड़ा वर्ग (महिला) देवी परमेश्वर वर्मा, 9 खैरझिटी कला साजा अन्य पिछड़ा वर्ग (महिला) प्रीति पटेल, 10 मोहतरा साजा अनारक्षित (मुक्त) हीरालाल साहू, 11 सुरुजपुरा साजा अनारक्षित (महिला) खुशबु वर्मा 12 भाँठासोरही बेरला अनारक्षित (मुक्त) अंजनी कुमार चंदेल, 13 सुरहोली बेरला अन्य पिछड़ा वर्ग (मुक्त) राहुल टिकरिया, 14 बेरलाकला बेरला अनारक्षित (मुक्त) कल्पना तिवारी को अधिकृत किया गया है । कांग्रेस ने 14 जिला पंचायत क्षेत्रों में से सिर्फ 7 सीटों पर ही घोषणा की है।

प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की अनुमति से कार्यवाहक जिला अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने सूची जारी की जिनमें क्षेत्र क्रमांक 1 कठौतिया अनारक्षित (महिला) सीट पर कांग्रेस नेता संजय तिवारी की पुत्री रिमझिम तिवारी को अधिकृत किया गया। वहीं अनुसूचित जाति (मुक्त) क्षेत्र क्रमांक 6 (सबलपुर) से वर्तमान नवागढ़ जनपद अध्यक्ष अंजली सतीश मारकण्डेय को टिकट दी गई है। इसी तरह क्षेत्र 8 उमरावनगर अन्य पिछड़ा वर्ग (महिला) से पार्वती जोगेन्द्र पटेल 9 खैरझिटीकला अन्य पिछडा वर्ग (महिला) सविता महेन्द्र साहू, 10 (मोहतरा) अनारक्षित (मुक्त) संतोष वर्मा, 11 सुरुजपुरा अनारक्षित (महिला) ममता दिनेश वर्मा, 13 (सुरहोली) अन्य पिछडा वर्ग (मुक्त) तोरण नायक अधिकृत किए गए हैं।

### जिला पंचापयत क्षेत्र क्रमांक दो पर सब की नजर

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 सामान्य वर्ग मुक्त हुआ है। इस क्षेत्र में चुनाव लड़ने वालों की संख्या बढ़ गई वही दोनों दलों के दमदार नेता मैदान में उतर आए हैं।जिसके चलते इस क्षेत्र में राजनैतिक दलों के साथ साथ राजनीति में रुचि रखने वालों की भी नजर हैं। वर्तमान जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय तिवारी ने नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है वही भाजपा ने इस क्षेत्र से पूर्व में जिला पंचायत सदस्य व मंत्री दयाल दास बघेल के खास नेताओं में शुमार दिलीप ठाकुर को अधिकृत कर दिया है। वहीं कांग्रेस में प्रदेश युवा कांग्रेस महामंत्री व पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के टीम के खास सदस्य प्रांजल तिवारी मैदान पर उतर गए ओर जोरशोर से जहां प्रचार शुरू कर चुके हैं। वहीं कांग्रेस के ही युवा चेहरा व पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू समर्थक हरीश साहू भी ताल ठोक रहे हैं। बहरहाल क्रमांक 2 में नामांकन वापसी की बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी, परन्तु इन चारों नेताओं ने अपना प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। इस क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक प्रत्याशी चुनावी मूड में हैं।

# थैलेसीमिया से प्रभावित बच्चों के लिए 98 लोगों ने किया रक्तदान

**बेमेतरा//नवागढ़।** नगर के गुरुद्वारा में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी 30 जनवरी को थैलेसीमिया से प्रभावित बच्चों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन स्व. राजा गांधी की स्मृति में रखा गया। शिविर में क्षेत्र भर के युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें 98 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर शिविर को सफल बनाया है। नवागढ़ ▶▶| शेष पेज 11 पर

- गुरुद्वारा में लगाया गया शिविर






### क्षेत्र की जनता को सेवा का दिया आश्वासन

# कल्पना ने जिपं क्षेत्र 14 के लिए लिया नामांकन पत्र





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला पंचायत कार्यालय से शुक्रवार को कल्पना योगेश तिवारी ने भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी ने जिला पंचायत नं 14 बेरलाकला से नामांकन फार्म लिया। इस दौरान उनके समर्थकों की भीड़ लगी रही। बेरला क्षेत्र में मेरे पति योगेश तिवारी बेमेतरा, बेरला हमेशा जन सरोकार के कार्यों में लगे रहे। उनके जन सेवा से प्रभावित होकर क्षेत्र के विकास में जुटे रहे। अब उनसे प्रेरणा लेकर अब हम दोनों मिलकर गांव की समस्याओं को दूर कर विकास योजनाओं का पंचायत स्तर पर पहुंचा कर आम जन की सेवा करेंगे। ऐसे में भी पिछले तीन चार सालों से समाज सेवी के रुप में कार्य कर रही हूं और पिछले आठ महीनों से मां गोदावरी सेवा आंनद आश्रम में बुजुर्गों माता पिता की सेवा कर रही है। आगे ▶▶| शेष पेज 11 पर

### घनाराम निषाद ने सरपंच के लिए दाखिल किया नामांकन

**बेमेतरा।** पूर्व सरपंच घनाराम निषाद ने रांका के सरपंच के लिए आवेदन भरा है। इससे पहले कल रांका में एक बैठक करके पूरे गांव से उन्हें समर्थन देने का वायदा करते हुए गुलाल लगाकर कर अपना आशीर्वाद दिया। शुक्रवार नामांकन के लिए उनके साथ जनपद सदस्य सिद्दीक खान,अजिताभ मिश्रा,ललित मिश्रा, सामे लाल निषाद,रामलाल साहू,वीरेंद्र साहू,परमेश्वर साहू,विनय यदु,भागवत मारकंडे,प्रमिला महलंगे,रिंकी मारकंडे,पीलू साहू,गणेश देवांगन,सज्जाद खान सहित बड़ी संख्या लोग उपस्थित रहे।


एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)



हरिभूमि
पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### सीएम से मिला कुर्मी क्षत्रीय महासभा का प्रतिनिधिमंडल

**रायपुर।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभूषण वर्मा के नेतृत्व में महासभा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात की। प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को बताया कि अखित भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा पूरे देश में कार्यरत 140 साल पुरानी संस्था है। इस अवसर पर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभूषण वर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज वर्मा, महिला संगठन राष्ट्रीय सचिव डॉ. सरोज चंद्राकर, महासभा महिला संगठन की महासमुंद जिला अध्यक्ष निरंजना चंद्राकार, जिला सचिव इंदरी चंद्राकर, युवा संगठन प्रदेश उपाध्यक्ष डेविड चंद्राकर, युवा संगठन से गौरव चंद्राकर उपस्थित थे।

### निशुल्क फिजियोथेरेपी शिविर में कराई जांच

**रायपुर।** एफ-95 एडवांस फिजियोथेरेपी एंड रिसर्च सेंटर ने अपने सीएसआर पहल के तहत लॉ-विस्टा और रोमनस्क विला में गुरुवार को निशुल्क फिजियोथेरेपी शिविरों का आयोजन किया। इन शिविरों में निवासियों को पोस्टर एनॉलिसिस, चलने-फिरने के तरीके का विश्लेषण और मांसपेशियों की ताकत की जांच जैसी उन्नत सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर आयोजकों ने बताया कि एफ-95 का उद्देश्य केवल उपचार ही नहीं, बल्कि मस्कुलोस्केलेटल (हड्डी और मांसपेशियों से जुड़ी) समस्याओं की रोकथाम पर भी ध्यान केंद्रित करना है। आधुनिक तकनीकों और व्यक्तिगत परामर्श के माध्यम से हम लोगों को सही पोस्चर और जीवनशैली में सुधार करने में मदद कर रहे हैं, जिससे भविष्य में होने वाली समस्याओं से बचाव किया जा सके। एफ-95 आगे भी समाजहित में इस तरह की गतिविधियां आयोजित करता रहेगा, अधिक से अधिक लोग स्वस्थ और सक्रिय जीवन जी सकें।

### डीडी नगर में ओवर हेड टैंक सफाई

**रायपुर।** नगर निगम के जल कार्य विभाग द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के 3200 किलोलीटर क्षमता के ओवर हेड टैंक की सील्ट सफाई का कार्य करवाया गया। पानी टंकी से सुबह की नियमित जलापूर्ति के बाद निगम से अनुबंधित कंपनी के कर्मचारियों ने टंकी में उतरकर सील्ट सफाई कर पानी को साफ करने कैमिकल ट्रीटमेंट किया। इस दौरान सभी चैंबरों की सफाई और पेंटिंग का कार्य किया गया। गुरूवार की सुबह 9 बजे से यह कार्य प्रारंभ हुआ जो कि दोपहर 2 बजे तक पूरा कर लिया गया।

### रोड सेफ्टी विषय पर कार्टून प्रतियोगिता, आवेदन की अंतिम तिथि 5 तक

**रायपुर।** यातायात सप्ताह के अवसर पर देश की एकमात्र कार्टून वॉच पत्रिका द्वारा अखिल भारतीय सकारात्मक कार्टून प्रतियोगिता की शुरुआत की जा रही है। यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग और रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन (राडा ) के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। पत्रिका के संपादक त्र्यम्बक शर्मा ने बताया कि रोड सेफ्टीः हेलमेट पहनें और सीट बेल्ट लगाएं, विषय पर देशभर के कार्टूनिस्टों से निवेदन किया गया है कि वे अपनी कला के माध्यम से अपनी भावना व्यक्त करें। इस प्रतियोगिता में कोई भी उम्र का व्यक्ति अपनी प्रविष्टि भेज सकता है। यह निशुल्क है। श्री शर्मा ने आगे बताया कि 5 फ़रवरी की शाम 5 बजे तक ही प्रविष्टियां स्वीकार की जाएंगी और उन्हें इस ईमेल आईडी पर भेजना होगा। उन्होंने बताया कि इस बार भी नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रथम पुरस्कार 25 हजार, द्वितीय पुरस्कार 15 हजार, तृतीय पुरस्कार 10 हजार और 2 हजार के विशेष 10 पुरस्कार। उल्लेखनीय है कि कार्टून वॉच पत्रिका समय-समय पर ऐसे आयोजन करती रहती है और हाल ही में यह पत्रिका अपने प्रकाशन के 29वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। प्रतियोगिता की अन्य जानकारी पत्रिका की वेबसाइट और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर उपलब्ध है।

# आंबेडकर अस्पताल के लिए बनेगा मास्टर प्लान, होगी आवास की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

आंबेडकर अस्पताल में बनने वाले नए भवन तथा अन्य चीजों के लिए अब मास्टर प्लान तैयार होगा। इसके मुताबिक ही काम किया जाएगा तथा तय वक्त में प्रोजेक्ट पूर्ण किया जाएगा।

गुरुवार को स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया द्वारा ली गई समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए गए। उन्होंने पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के बोर्ड रूम में चिकित्सा महाविद्यालय एवं अम्बेडकर अस्पताल की समीक्षा बैठक ली। बैठक के बाद उन्होंने आंबेडकर अस्पताल के रेडियोडायग्नोसिस विभाग, किचन, कैंसर विभाग, प्रस्तावित एकीकृत 700 बिस्तर अस्पताल स्थल एवं नव निर्माणाधीन मॉर्चुअरी गृह का निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त चिकित्सा शिक्षा किरण कौशल, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, सीजीएमएसी की संचालक पद्मिनी भोई, चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. विवेक चौधरी एवं अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सचिव एवं आयुक्त चिकित्सा शिक्षा ने अस्पताल में उपचाररत मरीज के परिजनों के ठहरने के लिए अस्पताल परिसर में परिजन आवास बनाने के निर्देश दिए।



- स्वास्थ्य सचिव ने ली समीक्षा बैठक, निर्माणाधीन शव परीक्षण गृह को शीघ्र पूरा करने के निर्देश
- प्रस्तावित एकीकृत 700 बिस्तर अस्पताल स्थल का भी निरीक्षण

### भोजन बांटने बनेगा शेड

इसके साथ ही कलेक्टर ने मरीज के परिजनों को निशुल्क भोजन बांटने की इच्छुक संस्थाओं के लिए परिसर में चिन्हित स्थान पर प्रस्तावित शेड निर्माण कार्य को अतिशीघ्र पूरा करने को कहा है। स्वास्थ्य सचिव ने चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के उन्नयन के लिए वर्तमान में चल रहे एवं प्रस्तावित निर्माण कार्यों के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। डीन डॉ. विवेक चौधरी ने चिकित्सा महाविद्यालय का संक्षिप्त परिचय देकर विभागीय बजट एवं आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। विभिन्न विभागों में उपलब्ध सुविधाएं एवं आवश्यकताओं के बारे में स्वास्थ्य सचिव को जानकारी दी।

### प्रस्तावित हैं ये कार्य

वन विभाग से प्राप्त शासकीय जमीन में रेसीडेंट क्वार्टर एवं छात्रावास निर्माण कार्य, चिकित्सा महाविद्यालय के 1500 सीटेड ऑडिटोरियम भवन के बाहरी भाग का सौंदर्यीकरण एवं चिकित्सालय विस्तार कार्य के अंतर्गत जी प्लस टू से जी प्लस सेवन कैंसर हॉस्पिटल का निर्माण कार्य पूर्व में ही प्रस्तावित है। इसे लोक निर्माण विभाग के सिविल वर्क के अंतर्गत प्रारंभ किया जाएगा। मॉर्चुअरी अपग्रेडेशन एवं विस्तार कार्य को एक निश्चित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के लिए सीजीएमएससी के अधिकारियों को निर्देश भी दिए गए हैं। इसके साथ ही बहुप्रतीक्षित एल-टू ट्रामा केयर सेंटर के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों एवं ट्रामा निर्माण समिति को आवश्यक प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने को कहा गया।

## मंदिर हसौद चौक पर सिक्सलेन ओवरब्रिज का निर्माण

# सिक्सलेन ओवरब्रिज का निर्माण धीमा, उड़ रही धूल ने किया परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी रायपुर के मंदिर हसौद चौक पर सिक्सलेन ओवरब्रिज का काम काफी धीमी गति से चल रहा है। इस ब्रिज का स्लैब और दोनों तरफ रिटर्निंग का काम ही हो पाया है, वहीं फ्लाई ऐश से लेकर सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा कई और काम अभी बाकी हैं। इस तरह ब्रिज का करीब 30 से 35 प्रतिशत काम पूरा हुआ है, जबकि 60-65 प्रतिशत काम बाकी है। ब्रिज के धीमे निर्माण के कारण इस मार्ग से गुजरने वाले लोग यहां उड़ रही डस्ट से परेशान हो रहे हैं। सूत्रों के अनुसार ब्रिज को जुलाई 2025 तक पूर्ण किया जाना था, लेकिन धीमे काम के कारण अब तक 50 प्रतिशत भी काम पूर्ण नहीं हो पाया है। जिस गति से काम चल रहा है, उसे देखकर संभावना जताई जा रही है कि ब्रिज का काम कम्प्लीट होने में करीब 8 से 10 महीने और लगेंगे।



### 23 करोड़ की लागत से बन रहा ब्रिज

मंदिर हसौद सिक्सलेन ओवरब्रिज का निर्माण 23 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। इस ब्रिज की लंबाई 800 मीटर और चौड़ाई 13 मीटर है। इस ब्रिज के निर्माण से इस क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। मंदिर हसौद चौक से हर रोज 40 हजार से ज्यादा गाड़ियां सड़क को क्रास कर गुजरती हैं, वहीं मुख्य मार्ग से भी हर रोज दो लाख से ज्यादा गाड़ियां गुजरती हैं। इसके कारण मंदिर हसौद चौक पर दिनभर गाड़ियों का दबाव भी बना रहता है। सिक्सलेन ब्रिज के निर्माण से मुख्य मार्ग पर गाड़ियों का दबाव भी कम पड़ेगा, जिससे गाड़ियां आसानी से यहां से गुजरेंगी।

### जाम से मुक्ति और सड़क दुर्घटनाओं में आएगी कमी

मंदिर हसौद चौक के आसपास पिछले कुछ वर्षों में कई सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। इन दुर्घटनाओं में कई लोगों की जानें भी गई हैं। इन दुर्घटनाओं के कारण पुलिस ने इस मार्ग को ब्लैक स्पॉट भी घोषित किया है। ब्रिज के बनने के बाद दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। मंदिर हसौद रेलवे क्रासिंग पर लगने वाला जाम कई बार चौक तक पहुंच जाता है। इसके कारण गाड़ियों की लंबी कतारे लग जाती थी। इसके कारण जाम को क्लीयर होने में कई घंटे लग जाते हैं। ब्रिज के बनने से जाम से भी मुक्ति मिलेगी।

### नहीं रुकना पड़ेगा हाईवे में, समय भी बचेगा

सिक्सलेन ब्रिज के बनने के बाद रायपुर से मंदिर हसौद से आगे और रायपुर की तरफ से आने वाली गाड़ियों को चौक पर रुकना नहीं पड़ेगा। इससे पहले चौक पर सिग्नल लगाया गया था। इसके कारण चौक पर रेड सिग्नल में गाड़ियों को रुकना पड़ता था। ब्रिज के बनने के बाद गाड़ियां बिना रुके आवागमन करेंगी। इससे गाड़ी चालकों के समय के साथ पेट्रोल-डीजल की बचत भी होगी।

# सोना पहली बार 84 हजार पार एक माह में छह हजार बढ़े दाम

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

सोने की कीमत नए साल में भी लगातार आसमान पर जा रही है। राजधानी रायपुर में तो कीमत ने नया रिकॉर्ड भी बना दिया है। पहली बार सोना जीएसटी के साथ 84 हजारी हो गया है। इसके पहले इसी माह सोना 83 हजार के पार हुआ था। इसके पहले बीते साल 30 अक्टूबर को सबसे ज्यादा कीमत 82200 रुपए तक गई थी। इसकी कीमत अब जल्द ही 85 हजार के भी पार जाने की संभावना है। साने की कीमत नए साल के पहले माह में ही करीब छह बजार रुपए बढ़ी है।

सोने और चांदी को हमेशा से ही निवेश के मामले में खरा माना जाता है। बीते साल तो निवेश के मामले में इसने रिकॉर्ड भी बना दिया। पहली बार सोने में जहां 20 फीसदी का रिटर्न मिला है, वहीं चांदी में 17 फीसदी रिटर्न मिला है। यही वजह है कि बीते साल छत्तीसगढ़ में आठ हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश हुआ है। प्रदेश में सोने-चांदी का रोज का करीब 50 करोड़ का कारोबार होता है, इसमें 50 फीसदी निवेशकों का रहता है। सोने की कीमत इस साल रिकॉर्ड 82 हजार के पार भी गई और चांदी के दाम भी एक लाख के पार गए।

### एक माह में बढ़ी कीमत छह हजार

नए साल के पहले 31 दिसंबर को सोने की कीमत 78100 रुपए थी। पहले ही दिन से सोने की कीमत में इजाफा होना प्रारंभ हुआ। एक जनवरी को कीमत 79 हजार रही। सात जनवरी को कीमत 80 हजार पहुंची। इसके बाद एक सप्ताह में कीमत 81 हजार के पार हो गई। फिर एक सप्ताह के बाद कीमत 82 हजारी हुई और अंतिम सप्ताह में पहले कीमत 83 हजारी हुई और फिर अब कीमत माह समाप्त होनु के एक दिन पहले ही 84150 हजार हो गई है। यानी एक माह में कीमत छह हजार रुपए बढ़ी है।



### कीमत बढ़ने का यह है कारण

रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने बताया, कीमत में तेजी का कारण टेरिफवार है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका में दूसरे देशों से आयात होने वाले सामानों पर आयात शुल्क में वृद्धि की, इससे विश्व बाजार में अनिश्चित एवं भय का वातावरण बना, आयात शुल्क बढ़ाने से अन्य देशों की निर्यात पर इसका असर पड़ा ।

जो देश अमेरिका को विभिन्न वस्तुओं का निर्यात करते थे डॉलर मजबूत हुआ और शेयर बाजार नीचे आया। इन अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण सुरक्षित निवेश के रूप में सोने में निवेश कर रहे हैं, इसलिए सोने का भाव लगातार बढ़ रहे हैं।

# मरीन ड्राइव के पास संचालित कैफे से बीफ अचार जब्त




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मोमिन पारा में गो-मांस बेचे जाने की घटना के बाद मरीन ड्राइव से पास संचालित एक कैफे में बीफ अचार बेचे जाने का मामला सामने आया है। गो-सेवा समिति से जुड़े लोगों की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने कैफे से पांच डिब्बा बीफ अचार जब्त किया है। इसके साथ ही पुलिस ने फ्रीज से एक मांस का लोथड़ा जब्त किया है। जब्त बीफ अचार तथा मांस के लोथड़े को पुलिस खाद्य एवं औषधीय प्रशासन के लैब में चेक कराने के बाद गो-मांस की पुष्टि होने पर वैधानिक कार्रवाई करेगी।

पुलिस ने नार्थ-ईस्ट फूड कोर्ट से बीफ अचार तथा मांस का लोथड़ा जब्त किया है। पुलिस ने जो बीफ अचार जब्त किया है, वह इंडियन मेड न होकर विदेश से निर्मित होना अचार पाया गया है। पुलिस ने फूड कोर्ट के संचालक से इस संबंध में पूछताछ की, तो उसका कहना है कि उसने अपने स्वयं तथा अन्य लोगों की मांग के आधार पर सीमित मात्रा में बीफ अचार मंगाया है।

### बोर्ड में लिखा है नेचुरल फूड

पुलिस ने जिस फूड कोर्ट में बीफ अचार जब्त किया है, उस फूड कोर्ट के काउंटर में नेचुरल फूड का बोर्ड लगा है। ऐसे में गो-सेवकों ने फूड कोर्ट संचालक पर शाकाहारी लोगों को अंधेरे में रख कर प्रतिबंधित मांस बिक्री करने का आरोप लगाया है। गो-सेवकों ने कैफे संचालक पर बीफ अचार के नाम पर गो-मांस बिक्री करने का आरोप लगाया है। जांच रिपोर्ट में बीफ अचार के गो-मांस की पुष्टि होने के बाद कैफे संचालक के खिलाफ पशु अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई करने की बात पुलिस कह रही है।

# आपसी रंजिश पर युवक ने अपने साथी की चाकू मारकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- एक अन्य मामले में पुलिस ने चिता पर रखी लाश उठाकर कराया पोस्टमार्टम

संजय नगर में आपसी रंजिश पर एक दोस्त ने अपने साथी की चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना के समय दोनों आपस में बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान पुरानी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। इस दौरान युवक ने जेब से चाकू निकालकर अपने दोस्त के पेट में घोंप दिया, जिसकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। एक अन्य घटना में विधानसभा पुलिस ने चिता पर रखी लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंपा।

टिकरापारा पुलिस ने खिलेश्वर यादव की हत्या के आरोप में उसके दोस्त ओम प्रकाश विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया है। खिलेश्वर के परिजनों ने बुधवार देर रात पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि खिलेश्वर तथा ओमप्रकाश रात 11 बजे के करीब मिलन चौक में बैठकर शराब पी रहे थे। इस दौरान उनके बीच पुरानी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के दौरान ओमप्रकाश ने जेब से चाकू निकालकर खिलेश्वर के पेट पर वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल खिलेश्वर को उसके परिजन उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल लेकर गए, गुरुवार को उपचार के दौरान खिलेश्वर की मौत हो गई।



### दीवार फांदते कमर की हड्डी टूटी थी

विधानसभा पुलिस ने दोंदेकला निवासी क्षत्रपाल वर्मा की लाश को चिता से उठाकर गुरुवार को पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक कुछ दिन पूर्व क्षत्रपाल घर की दीवार फांदते हुए गिर गया था। गिरने की वजह से क्षत्रपाल की कमर की हड्डी टूट गई थी। अस्पताल में उपचार के दौरान क्षत्रपाल की मौत हो गई।

### परिजनों ने लिखकर दिया पीएम नहीं कराएंगे

क्षत्रपाल की मौत को परिजनों ने सामान्य मौत माना। क्षत्रपाल की दीवार फांदते वक्त कमर की हड्डु टूटने से उपचार के दौरान मौत मेडिको लीगल घटना है। ऐसे में परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन को क्षत्रपाल का पीएम नहीं कराने लिखित में पत्र देते हुए अंतिम संस्कार करने शव घर ले गए। इसी दौरान पुलिस को शव ले जाने की सूचना मिली। परिजन क्षत्रपाल का अंतिम संस्कार करने शव जैसे ही चिता पर लिटाया, मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव अपने कब्जे में ले लिया।

### कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन रद्द बैज बोले- सत्ता का किया दुरुपयोग

**रायपुर।** धमतरी के कांग्रेस महापौर प्रत्याशी का नामांकन रद्द होने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने भाजपा पर सत्ता का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए कहा, कांग्रेस प्रत्याशियों को चुनाव लड़ने से रोकने भाजपा कई तरह के हथकंडे अपना रही है। कांग्रेस इससे डरने वाली नहीं है। कांग्रेस प्रत्याशियों के साथ पार्टी पूरी मजबूती से खड़ी है। मामले को लेकर कोर्ट जाएंगे। न्यायालय पर पूरा भरोसा है, फैसला हमारे पक्ष में आएगा। नए प्रत्याशी के ऐलान पर उन्होंने कहा, प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट और वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा कर आगे की रणनीति तय करेंगे। उन्होंने कहा कि जिस विचारधारा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या की थी, उसी विचारधारा ने एक बार फिर से 30 जनवरी को धमतरी में लोकतंत्र की हत्या की। स्थानीय निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। कांग्रेस के प्रत्याशियों को चुनाव लड़ने से रोकने के लिए तमाम तरीके का षड़यंत्र किया जा रहा है। धमतरी में कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी विजय गोलछा का नामांकन षड़यंत्रपूर्वक मुख्यमंत्री के निर्देश पर रद्द कर दिया गया। उन्होंने कहा, श्री गोलछा के नामांकन पर आपत्ति आने के बाद कल ही रात को मुख्यमंत्री ने धमतरी कलेक्टर को निर्देश दिया कि आपत्ति को स्वीकार कर नामांकन रद्द कर दिया जाए। वे नगर निगम धमतरी के पंजीकृत ठेकेदार नहीं हैं। वे पीडब्ल्यूडी में पंजीकृत ठेकेदार हैं तथा उन्होंने धमतरी निगम में वर्ष 2023 में काम लिया था, जो समय पूरा हो चुका था। उसकी एनओसी भी उन्होंने निगम से लिया था। धमतरी कलेक्टर ने अवैधानिक तरीके से उनका नामांकन निरस्त किया है।

## सरकारी विभागों पर 22 सौ करोड़ से ज्यादा का है बकाया

# सरकारी विभागों को भी लगेगा 'स्मार्ट' करंट, आने वाले समय में रीचार्ज कराने पर ही मिलेगी बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के सरकारी विभागों को अब बहुत जल्द स्मार्ट करंट लगने वाला है। सरकारी विभाग राज्य बनने के बाद से ही बिजली बिल जमा करने को लेकर गंभीर नहीं रहे। हमेशा से सरकारी विभाग पर करोड़ों का बकाया रहता आया है।

इस समय भी सरकारी विभागों पर 22 सौ करोड़ से ज्यादा बकाया है, लेकिन अब स्मार्ट मीटर लग गए हैं तो आने वाले समय में इन कनेक्शन के प्रीपैड होने पर सरकारी विभागों को रीचार्ज कराने पर ही बिजली मिलेगी। प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। ज्यादातर सरकारी विभागों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। साथ ही आम उपभोक्ताओं के घरों, दुकानों, संस्थानों के मीटर भी बदले जा रहे हैं। प्रदेश में इस समय आठ लाख से ज्यादा स्मार्ट मीटर लग चुके हैं। लगातार यह काम हो रहा है। शुरुआत में कनेक्शन पोस्टपैड है, लेकिन अब संभावना है कि इस साल सभी कनेक्शन प्रीपैड कर दिए जाएंगे।



इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी तैयारी भी कर रही है। बिजली नियामक आयोग को कनेक्शन प्रीपैड करने का प्रस्ताव भेजा जाएगा। वहां से मंजूरी मिलने पर कनेक्शन प्रीपैड किए जाएंगे। इसके बाद पहले रीचार्ज कराने पर ही बिजली मिलेगी।

### सरकारी विभागों 22 सौ करोड़ से ज्यादा

प्रदेश में आम उपभोक्ता पर थोड़ा-सा बकाया होने पर उनकी बिजली कट करने पॉवर कंपनी के कर्मचारी पहुंच जाते हैं। इस समय भी आम उपभोक्ताओं के बकाया को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। जिनका बिल ज्यादा बकाया है, उनसे वसूली करने के लिए कनेक्शन भी कट किए जा रहे हैं, लेकिन सरकारी विभागों की बिजली कभी कट नहीं की जाती है। यही वजह है कि सरकारी विभाग हमेशा से बेलगाम रहे हैं। ये बिल ही जमा नहीं करते। अंत में पॉवर कंपनी को प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर विभागीय बजट से ही बिलों का भुगतान लेना पड़ता है। इस समय सरकारी विभागों में सबसे बड़ा बकाया नगरीय प्रशासन विभाग पर है। इस पर 13 सौ करोड़ से ज्यादा का बकाया है। इसी के साथ पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग पर भी बड़ा बकाया है। प्रदेश के स्कूली शिक्षा, स्वास्थ्य, गृह विभाग सहित ज्यादातर विभागों पर बकाया है।

# विद्युत मंडल अभियंता संघ की बैठक में समस्याओं पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डगनिया स्थित अभियंता संघ कार्यालय में गुरुवार को छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल अभियंता संघ के रायपुर सेंट्रल एवं रायपुर क्षेत्र की संयुक्त क्षेत्रीय बैठक हुई, जिसमें तीनों विद्युत कंपनियों, वितरण, उत्पादन एवं डिस्ट्रीब्यूशन के अंभियंताओं में एकता, सुरक्षा और उन्नति के साथ-साथ मिनी पॉवर की उन्नति का संकल्प लिया गया। बैठक के दौरान तीनों कंपनी के अभियंताओं द्वारा बारी-बारी से अपनी समस्याएं और विचार व्यक्त किए गए, जिसमें अभियंता संघ ने विद्युत कंपनी के मैनेजमेंट से चर्चा कर समाधान करने का आश्वासन दिया। साथ ही 22 फरवरी को अभियंत संघ की सभा का आयोजन मड़वा में आहूत की गई है, जिसकी तीनों कंपनी के प्रबंध निदेशक को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने का निर्णय लिया। साथ ही अप्रैल के प्रथम सप्ताह में रायपुर शहर में आमसभा आहूत की गई है।

## खबर संक्षेप



### निःशुल्क शिविर का ग्रामीणों को मिला लाभ

**भिलाई।** बीएसपी के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा ग्राम पुरदा में निशुल्क चिकित्सा शिविर हुआ। सीएसआर से से डां. राहुल सिंगरौल, फार्मासिस्ट शशि भूषण रॉय, अशरफ अली व प्रभा सैमुअल व मंजूर अली,बुधेलाल और जिला चिकित्सालय दुर्ग से डॉ. अजय साहू उपस्थित थे। 85 लोगों की सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच करने के साथ ही उन्हें निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई जिसमें 25 पुरुष, 46 महिलाएं एवं 14 बच्चे शामिल थे।

### डायरेक्टर इंचार्ज ने कार्मिकों को किया पुरस्कृत

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में गणतंत्र दिवस समारोह सम्पन्न हुआ। शहीद वीरनारायण सिंह, जयंती स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में, गणतंत्र विभिन्न श्रेणियों में कार्मिकों 15 पुरस्कारों का वितरण किया गया। निदेशक प्रभारी, अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा पुरस्कार वितरित किया गया। निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता के साथ उपमहानिरीक्षक केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल प्रतिभा अग्रवाल ने परेड की सलामी ली और इसका निरीक्षण किया। सीआईएसएफ और एनसीसी/गाइड के कर्मचारियों और टीमों को सम्मानित किया गया। सीआईएसएफ / ब्रिगेड-2 के तहत 'बेस्ट टर्न आउट' पुरस्कार से प्लाटून-1 के मुकेश खटिक को सम्मानित किया गया। प्लाटून-4 के आदित्य राणे को 'बेस्ट प्लाटून कमांडर सम्मानित किया गया। पूनक सिंह की अगुवाई में प्लाटून-4 को 'बेस्ट प्लाटून' का ख़िताब मिला। प्लाटून-8 की गाइड योगिता साहू को 'बेस्ट टर्न आउट' के लिए और प्लाटून-7 के संदेश साहू को 'बेस्ट प्लाटून कमांडर' का व तोमेंद्र कुमार की अगुवाई में प्लाटून-5 को 'बेस्ट प्लाटून' के लिए सम्मानित किया गया। इंस्पेक्टर रंजीत कौर व असिस्टेंट कमांडेंट मनोज कुमार मौर्या को भी 'परेड कमांडर' का पुरस्कार प्राप्त हुआ।

# सुरक्षित कार्यप्रणाली से रुबरु हुआ खान व सुरक्षा निरीक्षण दल

## रावघाट लौह अयस्क खदान में खान सुरक्षा पखवाड़ा पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के रावघाट लौह अयस्क खदान में खान सुरक्षा महानिदेशालय बिलासपुर एवं रायगढ़ परिक्षेत्र के तत्वाधान में खान वार्षिक सुरक्षा पखवाड़ा का आयोजन किया गया। खान सुरक्षा महानिदेशालय द्वारा नामित निरीक्षण दल द्वारा खदान का अवलोकन किया गया। दल के संयोजक गोदावरी पावर एंड इस्पात लि, के सहायक महाप्रबंधक (गोदावरी पावर एवं इस्पात लिमिटेड) हेमंत उपाते तथा सदस्य सुरक्षा अधिकारी (जिंदल पावर एवं इस्पात लिमिटेड) प्रमोद कुमार, वरिष्ठ अभियंता (परसवानी लाइमस्टोन माइन्स) श्री भानु मिश्रा तथा



वर्कमैन इंस्पेक्टर (श्री सीमेंट लिमिटेड) मुकेश गुप्ता उपस्थित थे।

बिलासपुर परिक्षेत्र के खान सुरक्षा निदेशक आरके सिंह तथा खान सुरक्षा उपनिदेशक अरुण कुमार के की उपस्थिति मेंखान सुरक्षा महानिदेशालय द्वारा नामित निरीक्षण दल का गठन किया गया। दल ने अंजरेल कैंप से किया गया और जागरुकता के लिए स्लोगन तथा पोस्टर प्रतियोगिता का अवलोकन किया। वनांचल क्षेत्र में पुलिस तथा बीएसएफ के जवानों द्वारा सुरक्षा के लिए किया जा रहे प्रयासों की जानकारी निरीक्षण दल को दी गई। हेमंत उपाते ने रावघाट प्रबंधन द्वारा सुरक्षित कार्य प्रणाली के प्रयासों की सराहना की तथा कठिन परिस्थितियों में सुरक्षित उत्खनन कार्य में आने वाली चुनौतियों को साझा किया। सुरक्षा शपथ दिलाने के बाद सहायक महाप्रबंधक डीएन रस्तोगी, खान प्रबंधक कौशल किशोर गुप्ता तथा जियोलॉजिस्ट अनूप पराते ने रावघाट खदान में किए जा रहे खनन कार्य तथा सुरक्षित कार्यप्रणाली हेतु किए जा रहे विभिन्न प्रयासों के बारे में बताया। पौधारोपण व नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन उपेंद्र कुमार सिंह ने किया। अतिथियों द्वारा खोड़गांव डिस्पेंसरी में वृक्षारोपण किया गया व डां. जितेश वर्मा ने डिस्पेंसरी की जानकारी दी। कार्यक्रम में उपेंद्र सिंह, राकेश जैन, सचिन रंगारी, योगेश वर्मा, अविनाश बारसा, दिलीप ठाकुर, देवेंद्र मरकाम आदि उपस्थित थे।

### आर्डर की किल्लत के साथ हवा-हवाई साबित हो रही योजनाएं

# औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगों पर दोहरी मार, बीएसपी और सरकार उदासीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

**बड़ी कंपनियों के वर्चस्व का खामियाजा भुगत रहे**

औद्योगिक क्षेत्र भिलाई को चौतरफा उपेक्षा का खामियाज भुगतना पड़ रहा है। लंबे समय से अधिकतर सहायक उद्योगों को न तो मांग के अनुरुप काम मिल रहा है और न ही औद्योगिक क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को ही दुरुस्त किया जा रहा है। इस मामले में जिला उद्योग केंद्र, भिलाई इस्पात संयंत्र निगम और राज्य सरकार उदासीन बनी हुई है। बदहाली के चलते कई उद्योग बंद होने की कगार पर हैं।

उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना के साथ ही औद्योगिक क्षेत्र का विकास शुरु हो गया था। सहायक, छोटे और लघु उद्योगों सहित हैवी उद्योगों के विकास में बीएसपी का योगदान रहा है। इसकी वजह यहां के उद्योग बीएसपी के आर्डर पर निर्भर हैं। लेकिन पिछले कुछ साल के दौरान स्थति बदलने से सहायक उद्योगों दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में यहां औद्योगिक क्षेत्र में तीन सौ से अधिक उद्योग है। अधिकतर पर्याप्त आर्डर यानी इंक्वायरी की किल्लत के चलते बदहाली के दौर से गुजर रहे हैं। वहीं सरकार की लोकलुभावन योजनाओं और सुविधाओं के लाभ के लिए भी उद्यमियों को विभागों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। उद्यमियों के मुताबिक बीएसपी और सरकार दोनों को ही उद्योगों के प्रति गंभीर नहीं है। 75 प्रतिशत आर्डर पर बाहर की कंपनियों को वर्चस्व है। कई बार क्षमता के अनुरुप आर्डर की मांग के बाद भी प्रबंधन ध्यान नही दे रहा है। वहीं उद्योग विभाग व सरकार औद्योगिक सुविधाओं में कोताही बरत रही है। बैंक लोन, बिजली, पानी टैक्स, कच्चा माल, ट्रांसपोर्टिंग आदि में कोई रियायत नहीं दी जा रही है। परेशानियों और आर्थिक बदहाली के चलते उद्यमियों को उद्योग चलाना मुश्किल हो रहा है।



#### सिंगल विंडो: उद्यमी कई विभागों के लगा रहे चक्कर

उद्योगों के विकास के लिए पिछले डेढ़ दशक के दौरान राज्य व केंद्र सरकार द्वारा कई योजनाएं लांच गई हैं। इन्वेस्ट मीट से लेकर स्टार्टअप और केंद्र के पैकेज भी घोषित किए गए। सिंगल विडो प्रणाली से सभी समस्याएं समाधान होने का दावा किया । लेकिन जमीन पर इनकी स्थिति बिल्कुल उलट है। उद्यमियों ने बताया कि सुविधाओं और योजनाओं आदि का लाभ उठाने के लिए दसियों विभाग के महीनों सालों चक्कर लगाने पड़ते हैं। नई उद्योग नीति में भी कई दावे किए गए।

#### बुनियादी सुविधाएं भी बदहाल

औद्योगिक क्षेत्र भिलाई मध्यभारत का दूसरा सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है। यहां के उद्योगों से देश और विदेश में भी सामान जाता है। लेकिन अधिकतर सहायक उद्योग बीएसपी को कलपुर्जे आदि आयटम सप्लाई करते हैं। प्रदेश के विकास में यहां के उद्योगों का महती योगदान है। लेकिन इसके अनुरुप उद्योगों और औद्योगिक क्षेत्र का विकास नहीं हो रहा है। बदहाली से उद्यमियों के साथ मजदूरों व कर्मियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । कई उद्योग ट्रेड बदल चुके हैं और कई बंद होने के साथ अनेक बंद होने की कगार पर हैं। औद्योगिक क्षेत्र में सड़कों, नाली, खटाल, गंदगी, डस्ट, सफाई, पेयजल और सीवेज की समस्या बदस्तूर बनी हुई है। इसका खामियाज उद्यमियों, मजदूरों के साथ श्रमिक बस्तियों को लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

# मैत्री बाग में फ्लावर शो एक और दो को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ तैयारी शुरु, पंजीयन नि:शुल्क

भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के उद्यानिकी विभाग द्वारा "मेगा फ्लावर शो का आयोजन 1 व 2 फरवरी को मैत्री बाग में होगा । उद्घाटन भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष मुख्य अतिथि त्रिपर्णा दासगुप्ता शाम 4 बजे करेंगी।

फ्लावर शो की विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए पंजीयन औरप्रवेश 1 फरवरी को सुबह 9 बजे से शुरु हो जाएगा। भाग लेने वाले नागरिकों से अनुरोध है कि समय का विशेष ध्यान रखें। लोगों की मांग और भीड़ को देखते हुए आयोजन दो दिनों तक किया जा रहा है। इसकी तैयारी शुरु हो गई है। फ्लावर शो में आवासीय व शालेय बागवानी प्रतियोगिता, गमलों में लगे केक्टस, बोनसाई, क्रोटन, फोलियेज़, फर्न, सेवंती, डहलिया, गुलाब एवं मौसमी पौधों की प्रतियोगिता और इन्हीं पौधों के कट फ्लावर की प्रतियोगिता तथा बीएसपी कर्मियों के घर के बगीचों से विशेष सब्जियों व फलों का प्रदर्शन, औषधीय वनस्पतियों का प्रदर्शन अतिथियों के सामने किया जायेगा। पुष्प-सज्जा, रंगोली, गुलदस्ता (बुके), फलों एवं सब्जियों से तैयार मॉडल आदि जैसे विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। साथ ही स्कूली बच्चों द्वारा सब्जियों एवं फलों से तैयार आकर्षक सलाद का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

2 फरवरी को फ्लावर शो-2025 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता के मुख्य आतिथ्य में संध्या 4:00 बजे आयोजित किया जाएगा। समापन समारोह के दौरान संयंत्र के सभी कार्यपालक निदेशकगण सपत्निक उपस्थित होंगे। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा।

#### तैयारी में जुटा विभाग

सभी प्रतिभागियों को परिवहन सहित अपनी अन्य व्यवस्था सामग्री स्वयं के व्यय पर करनी होगी व अपना गमला, फूल व अन्य सामग्री 2 फरवरी को शाम 7 बजे से पूर्व न हटायें। पंजीयन निशुल्क है। प्रतिभागी मैत्रीबाग में पंजीयन करवा सकते हैं। उद्यानिकी विभाग ने दर्शकों से साफ-सफाई और पर्यावरण का विशेष ध्यान रखे जाने की अपील की है। फ्लावर शो को सफल बनाने एवं भव्यता प्रदान करने प्रबंधन द्वारा मैत्री बाग भिलाईवासी सुबह 10 बजे से शाम 7.30 बजे तक पुष्प प्रदर्शनी का अवलोकन कर सकेंगे।

## छग स्टेट आर्म रैसलिंग चैंपियनशिप में दुर्ग के अब्दुल बने चैम्पियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ प्रदेश पंजा कुश्ती संघ द्वारा छग स्टेट आर्म रैसलिंग चैम्पियनशिप पावर जिम सेक्टर 6 में हुई। प्रतियोगिता में 15 ज़िले के महिला, पुरुष एवं दिव्यांग खिलाड़ियों, कोच, रेफ़री सहित 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया । सीनियर महिला वर्ग में चैंपियन ऑफ चैंपियन रूपाली फूले बनी (राजनांदगाँव), सीनियर पुरुष वर्ग में चैंपियन ऑफ चैंपियन अब्दुल कादिर, जूनियर महिला वर्ग में चैंपियन ऑफ चैंपियन सुरिया फातिमा, जूनियर पुरुष वर्ग में चैंपियन ऑफ चैंपियन सुमित तिवारी, यूथ पुरुष वर्ग में चैंपियन ऑफ चैंपियन अब्दुल कादिर (सभी दुर्ग ज़िला) विजेता बने।

छत्तीसगढ़ प्रदेश पंजा कुश्ती संघ के कार्यकारी अध्यक्ष कृष्णा साहू ने कार्यक्रम का उदघाटन किया गया तथा महासचिव श्रीकान्त ने संचालन किया।

प्रतियोगिता के हेड रेफरी श्रीमंत झा व निर्णायक पीयूष शर्मा, श्रवण चौहान स्वप्निल जैन, तौफ़ीक़ अहमद, ऋषभ संतोष राकेश कुमार, उमा, कुमारी मेघा, दीपा, कुमारी परलीन कौर का योगदान रहा । छत्तीसगढ़ प्रदेश पंजा कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजमोहन सिंह,जी सुरेश और संचालन कृष्णा साहू ने विजेता खिलाड़ियों को पदक व प्रमाणपत्र से सम्मानित किया।




## पूर्व जनपद अध्यक्ष मीरा ने किया भाजपा प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल की कार्य कुशलता, स्वच्छ, व्यवहारिक छवि का प्रभाव

कांग्रेस नेत्री पूर्व जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर ने अपने साथियों के साथ भाजपा में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने अपने साथियों के साथ सांसद विजय बघेल से मुलाकात की और उनके प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए भाजपा में प्रवेश करने की घोषणा की। वहीं सांसद विजय बघेल ने कहा कि भाजपा सबको साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। भाजपा की सरकार, महिलाओं युवाओं के साथ प्रत्येक वर्ग के लोगों के हितों के लिए काम कर रही है। भाजपा में प्रवेश लेने वाले कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल रहा।

## पेज 9 के शेष

### प्रेक्षक बाजपेयी ने ...

और चुनाव के दिन किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचने के लिए पूर्व तैयारियां पुख्ता हों। **मतदान प्रक्रिया की पारदर्शिता और सुगमता पर जोरः** प्रेक्षक बाजपेयी ने सभी कर्मचारियों और अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने की अपील की कि मतदान प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी और निष्पक्ष हो। उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया का सुचारू संचालन लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक है। इसके लिए सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे अपना कार्य पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करें। साथ ही, उन्होंने मतदाताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया ताकि मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जा सके और लोग निर्भीक होकर मतदान कर सकें। जिला प्रशासन ने मतदाताओं से अपील की है कि वे आगामी नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में उत्साहपूर्वक भाग लें और लोकतंत्र के इस पर्व को सफल बनाएं।

### थैलेसीमिया से ...

क्षेत्र में इस प्रकार की सेवाभावना से लोगों में एकता और भाईचारे का उदय हुआ है।

आयोजनकर्ता गणेशु यादव, परमेश्वर पात्रे,अनमोल गांधी, राकेश साहू ,मुकेश बिसेन ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले तीन वर्ष से रक्तदान शिविर का आयोजन करते आ रहे हैं जो प्रतिवर्ष 30 जनवरी को आयोजित होता है। नवागढ़ की देव तृल्य जनता जनार्दन द्वारा सफल बनाया जाता है। शिविर प्रति वर्ष आगे भी आयोजित होता रहेगा। गणेशु यादव ने सभी रक्तदाताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि आप लोगों के स्नेह और सेवाभावना से कई बच्चों के जीवन बचाने में सहायता मिलती है।


### कल्पना ने जिपं ...

भारतीय जनता पार्टी के ने आशीर्वाद दिया और भरोसा जताते हुए बेरलाकला क्षेत्र 14 से प्रत्याशी अधिकृत किया है। पीयूष शर्मा, वेद सिंह,सागर यादव, अमन शर्मा, नंदु गुप्ता, नंदु राठी, ओम शर्मा, मृत्युंजय, राहुल साहू समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## राजभाषा हिंदी में कार्यालयीन कामकाज के प्रति और भी अधिक समर्पित हों : पवन कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

'नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग' की हीरक जयंती छमाही बैठक भिलाई निवास' के 'बहुउद्देशीय सभागार में हुई। मुख्य अतिथि सहायक निदेशक राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय भोपाल हरीश सिंह चौहान थे। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी एवं अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति अनिर्बान दासगुप्ता ने अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि भिलाई कार्यपालक निदेशक पवन कुमार थे। बीएसपी के अमूल्य प्रियदर्शी ने शॉल, श्रीफल भेंटकर अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि, नराकास, भिलाई-दुर्ग ने लगातार प्रशंसनीय कार्य किये हैं।



नगर पंचायत साजा
बाबा रामदेव वार्ड, वार्ड क्र.-8 से
पार्षद पद के लिए राजू शर्मा को
कमल छाप पर
बटन दबाकर
भारी मतों से विजयी बनावें।
मतदान तिथि- 11-02-2025,
दिन-मंगलवार
समय- सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक
विनीत- समस्त मतदातागण, बाबा रामदेव वार्ड क्रमांक- 08, नगर पंचायत साजा


## बीएसपी में देर शाम दिखा तेंदुआ, वन विभाग ने की तस्दीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ कर्मियों में दहशत के बीच खोजी टीम का सर्च आपरेशन जारी

भिलाई इस्पात संयंत्र में दिखे तेंदुए को पकड़ने के लिए सर्च आपरेशन आज गुरुवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। तलाश में जुटी टीम को अब तक सफलता नहीं मिली है। तेंदुआ के अब तक पकड़े नहीं जाने से कर्मियों में दहशत कायम है। प्रबंधन और वन विभाग ने बतौर सुरक्षा अलर्ट जारी किया है। इस दौरान वन विभाग ने अंदेशा जताया है कि संयंत्र में घुसा तेंदुआ दल्ली राजहरा से माल गाड़ी में बैठकर यहां प्लांट में पुरैना गेट साइट से घुसा होगा। सोमवार की रात संयंत्र के अंदर एक तेंदुआ देखे जाने से हड़कंप मच गया था। ठेका मजदूर भुवन सिंह द्वारा रात करीब 1 बजे बीआरएम में रेलवे ट्रैक पार करते तेंदुआ को वीडियो बनाने के बाद बीएसपी के



अधिकारियों को बताने के बाद प्रबंधन तलाशी अभियान शुरु किया। लेकिन अब तक तलाशी में जुटी टीम को तेंदुआ दिखाई नहीं दिया है। इस दौरान मैत्रीबाग उद्यानिकी विभाग की टीम, सीआईएसएफ व वन विभाग की टीम पिछले तलाशी अभियान मे दिन रात जुटी हुई है। टीम ट्रैग्यूलाइजर, कैचिंग कैज(मय चारा पिंजरा) के साथ सर्च अभियान में जुटी है। तेंदुआ क ट्रैस करने द्रोण कैमरे व सीसीटीवी की भी मदद ली जा रही है। इस दौरान कर्मियों को तेंदुए के पंजे के निशान भी मिले हैं।

### दल्ली से मालगाड़ी में प्लांट आने का अंदेशा

बीएसपी के अंदर घुसे तेंदुआ को लेकर कई अब कई सवाल और कयास लगाए जा रहे हैं। वन विभाग के अधिकारियों को आशंका है कि तेंदुआ भटककर दल्ली राजहरा से मालगाड़ी के जरिए प्लांट में आया होगा। वहीं इस तेंदुए को दस बारह दिन पूर्व साजा फिर देवकर में दिखे एक बाघ से भी जोड़कर देखा जा रहा है। वन विभाग के अधिकारियों ने साजा में बाघ दिखने की तस्दीक की थी। लेकिन बीएसपी के वायरल वीडियो में दिख रहा तेंदुआ काले धब्बों वाला फुल साइज का तेंदुआ है। इसते मैत्रीबाग जू के होने की चर्चा को भी विभागीय अधिकारी अफवाह बता चुके हैं। सवाल यह भी है कि अत्याधुनिक संसाधनों के दौर में पिछले तीन दिन के दिन रात के तलाशी अभियान में आखिर खोजी टीम को तेंदुआ क्यों नहीं ट्रैस हो पाया। वीडियो बनाने वाले शटिंग आपरेटर के अलावा अब तक किसी कर्मचारी को भी यह दिखाई क्यों नही दिया। प्लांट में हर शिफ्ट में 5 से 8 हजार कर्मचारी काम करते हैं। मशीनों को शोर भी होता रहता है। आखिर तेंदुआ अपनी भूख प्यास कहां व कैसे बुझा रहा है। कर्मियों में बढ़ती दहशत को देखते हुए प्रबंधन व वन विभाग अलर्ट के साथ तेंदुआ को ट्रैस करने क्या बाहर से विशेषज्ञ बुला रहा है। तेंदुआ के वायरल वीडियो की जमीनी सच्चाई कितनी है।


Health Town

K'sagar's श्री श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पंच के लिए रविन्द्र ने दाखिल किया नामांकन



लाटाबोड़। पंचायत चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया तेज हो गई है। पंचायत में सरपंच व पंच पद के दावेदारों ने नामांकन भरना शुरू कर दिया। नामांकन के पांचवें दिन बालोद ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत बोरी के आश्रित ग्राम परसाही से रविन्द्र निषाद ने वार्ड 11 से पंच पद के लिए नामांकन दाखिल किया।

### जिला पंचायत में मनाया गया शहीद दिवस

दुर्ग। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में जिला पंचायत सभाकक्ष में शहीद दिवस मनाया गया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बजरंग कुमार दुबे, उप संचालक श्रीमती कव्या जैन, लेखाधिकारी कुलदीप देवांगन, संध्या सिंह, सहायक परियोजना अधिकारी श्री राजेन्द्र साहू,कल्पना देव, श्री निमेन्द्र साहू सहित जिला पंचायत के कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण किया।

### शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

दुर्ग। देश के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में गुरुवार को शहीद दिवस मनाया गया। कलेक्टर निगम प्रशासक ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर आज नगर पालिक निगम मुख्यालय एवं हिंदी भवन के सामने महात्मा गांधी की प्रतिमा में श्रद्धांजली दी गई और उनकी स्मृति तथा सम्मान में सुबह 11 बजे दो मिनट का मौन धारण किया गया।

### मोर अधिकार जन जागरुकता अभियान चलाया

दुर्ग। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिला पंचायत स्तर पर त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत मोर मतदान - मोर अधिकार हेतु कार्यक्रम के तहत जिले के जनपद एवं ग्रामीण निकायों में लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि दुर्ग जिले के सभी ग्राम पंचायतों में मोर मतदान-मोर अधिकार जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

## निधन

### तुलसी राम देवांगन



बालोद। नगर में देवांगन समाज के तुलसी राम देवांगन 87 वर्ष मूल ग्राम देवारभाट का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार तांदुला मुक्तिधाम में किया गया। वे राजकुमार देवांगन के पिता थे।

### जानकी साहू



बालोद। ग्राम करहीभदर निवासी जानकी साहू का आज निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे उमेश कुमार साहू की माता थीं।

## प्रदर्शन : कलेक्टोरेट परिसर में जागरुकता बढ़ाने का प्रयास

# डमी ईवीएम से आम नागरिकों को मतदान प्रक्रिया की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आगामी नगरीय निकाय चुनाव 2025 को ध्यान में रखते हुए कलेक्टरेट परिसर में आम नागरिकों के लिए डमी ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) रखी गई है, जहां नागरिक आकर डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से रोज मतदान प्रक्रिया को समझ रहे हैं। निर्वाचन शाखा के कर्मचारियों द्वारा आने-जाने वाले नागरिकों को ईवीएम से मतदान करने के तरीके की जानकारी दी जा रही है, जिससे नागरिकों में जागरूकता बढ़ रही है।

- निर्वाचन शाखा के कर्मचारियों नागरिकों को रोज बता रहे

कर्मचारियों ने यह भी बताया कि इस बार प्रयोग की जाने वाली ईवीएम अन्य चुनावों में इस्तेमाल होने वाली मशीनों से थोड़ी अलग है। इस मशीन में वोट डालने के बाद पर्ची नहीं निकलती। एक ईवीएम में अधिकतम 13 उम्मीदवारों और एक नोटा के लिए विकल्प होता है। यदि किसी वार्ड में उम्मीदवारों की संख्या 13 से अधिक होती है, तो अतिरिक्त ईवीएम जोड़ी जाएगी।

हालांकि, वर्तमान स्थिति में इसकी आवश्यकता नहीं होगी। इसके अलावा, यह भी विशेष रूप से बताया गया कि मतदाताओं को वोट डालने के बाद ईवीएम का एंड बटन नहीं दबाना है। केवल दोनों पदों के लिए वोटिंग बटन दबाने के बाद मतदान प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी।

**नागरिकों में जागरुकता बढ़ाने का प्रयास :** डमी ईवीएम के माध्यम से किए जा रहे इस प्रदर्शन से आम नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। निर्वाचन शाखा के कर्मचारियों द्वारा लगातार जानकारी दी जा रही है ताकि सभी नागरिकों को मतदान की प्रक्रिया की सही जानकारी हो सके और आगामी चुनावों में वे बिना किसी संकोच के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।




**अध्यक्ष और पार्षद पदों के लिए होगा ईवीएम से मतदान**

इस बार के नगरीय निकाय चुनाव में अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए मतदान ईवीएम के माध्यम से होगा। निर्वाचन अधिकारियों ने जानकारी दी कि मतदाताओं को दोनों पदों के लिए अलग-अलग बटन दबाने होंगे। पहले अध्यक्ष पद के लिए बटन दबाने पर हल्की वीप की आवाज आएगी। पार्षद पद के लिए बटन दबाने पर लंबी वीप सुनाई देगी, जो इस बात का संकेत होगा कि मतदान की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हो चुकी है।

# पूर्व विधायक छाबड़ा जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष बनाये गये



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जिला कांग्रेस की कमान क्षेत्र के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा को सौंपी है। जारी आदेश में उन्हें जिला कांग्रेस कमेटी का कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया है। श्री पूर्व विधायक छाबड़ा नियुक्ति की जानकारी सामने आते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। जिले के कांग्रेस नेता व पदाधिकारी बधाई देने दिनभर कार्यालय में पहुंचते रहे।

विदित हो कि वर्ष 2014 से 2018 तक आशीष छाबड़ा जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा के अध्यक्ष थे, उनके कार्यकाल में ही बेमेतरा जिले के तीनों विधानसभा सीटों को कांग्रेस ने वर्ष 2018 के चुनाव में जीता था, जिसमें स्वयं आशीष छाबड़ा भी बेमेतरा से विधायक निर्वाचित हुए थे। आशीष छाबड़ा ने विधायक बनकर भी बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य किए हैं। संगठन को सर्वोपरि मानने वाले व युवा नेतृत्व रहे श्री छाबड़ा पूर्व में बेमेतरा नगर पालिका अध्यक्ष सहित छात्र संघ अध्यक्ष एवं अन्य पदों पर भी कार्य करने का उन्हें अनुभव है, जिसका लाभ कांग्रेस कमेटी को मिलेगा इसकी पूर्ण संभावना है। युवा नेतृत्व को कमान सौंप जाने से बेमेतरा जिले के युवाओं में एक नई स्फूर्ति जगी है। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बनाए जाने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आशीष छाबड़ा को बधाई दी है तथा नेतृत्व के प्रति आभार जताया है। कांग्रेस नेता व जिला कांग्रेस महामंत्री ललित विश्वकर्मा, मनोज शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लूकेश वर्मा, शत्रुघ्न साहू ने कहा कि आशीष छाबड़ा के जिला अध्यक्ष बनने से फिर से एक बार कांग्रेस बेमेतरा जिले में बेहतर प्रदर्शन करेगी। उनके नेतृत्व में युवा कांग्रेस से जुड़ेंगे। आशीष छाबड़ा सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास करते हैं। ऐसे में लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में कांग्रेस से जुड़ेंगे और लोगों में जनसेवा के प्रति उत्साह भी बनेगा। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा को बधाई देने वालों में जिले के समस्त ब्लॉक अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेसी व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# सड़क दुर्घटना से बचने सावधानीपूर्वक चालन के साथ यातयात नियमों का पालन आवश्यक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि सड़क दुर्घटना वर्तमान समय की बहुत ही विकराल समस्या है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए सावधानीपूर्वक वाहन चलाने के अलावा यातयात नियमों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल पुलिस विभाग एवं यातायात कार्यालय द्वारा जिला मुख्यालय बालोद में आयोजित सड़क सुरक्षा माह के समापन अवसर पर समारोह को मुख्य अतिथि के रुप में संबोधित कर रहे थ। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने कहा कि सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए अपने जान–माल की रक्षा करने तथा अपने आप को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी व्यक्ति की स्वयं की है। इसलिए यातायात नियमों का पालन करते हुए नियंत्रित एवं संयमित होकर वाहन चलाएं। हमें अपने, परिवार तथा समाज को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करनी चाहिए। इस दौरान श्री चन्द्रवाल ने आम नागरिकों से नाबालिग से वाहन नहीं चलवाने की अपील की। कलेक्टर ने कहा जिले के प्रत्येक नागरिकों को एक जिम्मेदार नागरिक बनकर यातायात नियमों का पालन करते हुए अपने नैतिक दायित्वों को निर्वहन करना चाहिए। सड़क दुर्घटना में कमी लाना एवं सड़क सुरक्षा हेतु प्रभावी उपाय सुनिश्चित करना केवल पुलिस एवं प्रशासन के सहयोग से नहीं होगा। इस कार्य में आम जनता की सक्रिय भागीदारी भी अत्यंत आवश्यक है। आम जनता से नशापान करके एवं तेज गति से वाहन नही चलाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग बिल्कुल भी नहीं करने की अपील की।

### महाराज निषाद राज गुहा करुणा, त्याग और समर्पण की प्रतिमूर्ति थे

गुण्डरदेही। ग्राम सिकोसा में गुरुवार को ग्रामीण निषाद समाज द्वारा भक्त शिरोमणि गुहा निषाद राज जयंती समारोह आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ निषाद समाज एवं विधायक कुंवर सिंह निषाद व उनकी पत्नी दंतेश्वरी निषाद शामिल हुई, जहां उन्होंने भगवान श्रीराम एवं भक्त गुहा निषाद राज की विधिवत पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं प्रदेशवासियों की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। विधायक ने कहा कि महाराज निषाद राज गुहा करुणा, त्याग और समर्पण के प्रतिमूर्ति थे। हमें उनके आदर्शों को अपनाना चाहिए। निषाद राज महाराज ने हमें समाज के लिए त्याग करने की सीख दी हम एकजुट होकर समाज की तरक्की के लिए कार्य करें समाज की एकता व मजबूती के लिए राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिला स्तर पर मजबूत संगठन खड़ा किया जा रहा है। निषाद समाज को सामाजिक राजनीतिक व आर्थिक मजबूती के लिए कार्य करना है। जब तक समाज में शिक्षा व संस्कार नहीं बढ़ेगा तब तक समाज आगे नहीं बढ़ पाएगा। जयंती पर

### राजधानी में होगा राष्ट्रस्तरीय सतनामी युवक- युवती परिचय सम्मेलन कल

बेमेतरा। गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के तत्वावधान में राजधानी रायपुर में शहीद स्मारक भवन में 2 फरवरी को सतनामी समाज के विवाह योग्य युवक- युवतियों का राष्ट्र स्तरीय भव्य परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति अध्यक्ष के.पी. खण्डे, प्रवक्ता चेतन चंदेल एवं बेमेतरा प्रतिनिधि खेमसिंह बारले ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार राजधानी में 9 वें वर्ष का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में छग के अलावा देश के विभिन्न प्रांतों में निवासरत सतनामी समाज के नवयुगल प्रतिभागी अपने अभिभावकों के साथ मनपसंद जीवन साथी की तलाश में राजधानी पहुंच रहे हैं। सम्मेलन में समाज के विधवा, विधुर व वैध तलाकशुदा प्राप्त महिला/ पुरुष भी भाग लेंगे। प्रतिभागियों के पंजीयन के लिए कार्यक्रम स्थल पर सुबह 9 बजे से तीन अलग-अलग विशेष काउंटर खुले रहेंगे, अपनी दो रंगीन पासपोर्ट फोटो के साथ पंजीयन करवा सकेंगे। बिना पंजीयन किसी भी प्रतिभागी या उनके परिजनों को प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी। कार्यक्रम में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर भी लगाया जा रहा है। सम्मेलन में शामिल होने वाले सभी आगंतुओं के लिए भोजन की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। वहीं समिति की महिलाएं दोनों पक्षों की काउंसलिंग करवाकर ज्यादा से ज्यादा रिश्ता कायम करने अपनी भूमिका निभाएंगी। कार्यक्रम पश्चात सभी पंजीकृत प्रतिभागियों की फोटो सहित बायोडाटा बंधन पत्रिका में प्रकाशित कर उसे निःशुल्क प्रदान किया जाएगा।

- जीवन साथी की तलाश में पहुंचेंगे सतनामी युवा

### कलश यात्रा में शामिल हुईं अनिता अग्रवाल....

साजा। थान खमरिया में आयोजित श्रीशत चण्डी महायज्ञ में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें भाजपा से अध्यक्ष प्रत्याशी अनिता चंदन अग्रवाल भी शामिल हुईं।



# जस गायन एवं झांकी स्पर्धा में शामिल हुए विधायक





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम आलबरस व भरदा में दो दिवसीय देवी जस गायन एवं झांकी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, कार्यक्रम की अध्यक्षता लिकेश्वर देशमुख और विशेष अतिथि सरपंच आशा प्यारे लाल देशमुख,सोसायटी अध्यक्ष प्रताप यादव, संचालक हनुमान शरण उपसरपंच, हेमंत देशमुख, रोशन देशमुख, नेमसिंह देशमुख, विष्णु लाल देशमुख गैंदसिंह ठाकुर, पुराणिक चेलक चैन सिंह साहू, अशोक हरमुख शामिल हुए। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा आज मैं देवी जस गायन एवं झांकी प्रतियोगिता के अवसर पर उपस्थित होने के लिए सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह प्रतियोगिता हमारी संस्कृति और परंपरा को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है, जहां हम अपनी देवी की महिमा का गायन करते हैं और उनकी झांकी के माध्यम से उनकी कथाओं को प्रदर्शित करते हैं। जस झांकी के माध्यम से अलग-अलग मंडलियां देवी की महिमा का यशगान करते हैं, जिसे आप हम सभी को अपने जीवन में आत्मसात कर अज्ञानता, अंधकार नशा रूपी महिषासुर का वध करने की कोशिश होनी चाहिए। अपने जीवन सदाचार, सद्गुण को समाहित कर नेक कार्य करें, एक-दूसरे का सुख-दुख में साथ दें, जीवन को स्वालंबी बनाये।

# ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति नवीन और नवीनीकरण 17 फरवरी तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शिक्षा सत्र 2024–25 के लिए कक्षा 12वीं से उच्चतर कक्षाओं के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पोस्ट मैट्रिक–स्कॉलरशीप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर की जा रही है।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन की तिथि 17 फरवरी तक, ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक 1 से 28 फरवरी एवं संेक्शन ऑर्डर लॉक करने की तिथि 1 फरवरी से 20 मार्च तक की जा सकती है। इसके पश्चात शिक्षा सत्र 2024–25 के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन ऑनलाइन आवेदन, ड्राफ्ट प्रपोसल लॉक एवं सेक्शन ऑर्डर लॉक करने के लिए अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शासकीय या अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग, पॉलीटेक्निक एवं आईटीआई में अध्ययनरत बालोद जिले के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए पात्रता रखने वाले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी निर्धारित तिथि तक अपना ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। सहायक आयुक्त ने बताया कि वर्ष 2024–25 से छात्रवृत्ति का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से किया जा रहा है। पीएफएमएस द्वारा आधारित भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को ऑनलाइन आवेदन करते समय आधार सीडेड बैंक खाता नंबर की प्रविष्टि सुनिश्चित करने कहा है।

### ढाबाडीह में होगी कबड्डी प्रतियोगिता

बालोद। ग्राम ढाबाडीह में जय पाडे बाबा कबड्डी क्लब द्वारा एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसमें प्रथम पुरस्कार 5001 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 4001, तृतीय पुरस्कार 2001 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 1001 रूपये रखा गया है। जिसमे अन्य विशेष पुरस्कार भी रखे गए हैं, जिसमे समिति के लोकेन्द्र गुरूपंच, उपाध्यक्ष मोहित मंडावी, कोषाध्यक्ष युगल सोनबरसा, सचिव तेशांत गुरुपंच, उपसचिव रवि सारथी, कप्तान लेखराम अठभैया, उपकप्तान गजेन्द्र कुमार गुरूपंच, संचालक लिकेन्द्र यादव तथा ग्रामीणों का सहयोग रहेगा।

## पिछले चुनाव में भीतरघात के कारण नुकसान उठाना पड़ा था

# भाजपा व कांग्रेस में गुटबाजी, टिकट वितरण के बाद असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में टिकट वितरण के बाद असंतोष की स्थिति कोई नई बात नहीं है, लेकिन दल्लीराजहरा में इस बार स्थिति और ज्यादा संवेदनशील लग रही है।

पिछले चुनाव में भी भीतरघात (अंदरूनी विरोध) के कारण पार्टी को नुकसान उठाना पड़ा था, और इस बार नए चेहरे को मौका देने के कारण यह खतरा फिर मंडरा रहा है। पार्टी के कुछ वरिष्ठ और लोकप्रिय नेताओं को टिकट न मिलने से उनके समर्थकों में नाराजगी स्वाभाविक है, हालांकि घोषित प्रत्याशी के साथ प्रचार प्रसार में देखा जा रहा है परंतु भीतरघात से इंकार नहीं किया जा सकता। दल्लीराजहरा नगरीय निकाय चुनाव में पिछली बार भी भाजपा को इसी वजह से नुकसान हुआ था, और इस बार भी अगर असंतोष दूर नहीं हुआ तो चुनावी नतीजों पर असर पड़ सकता है। बहुमत होने के बावजूद भाजपा पिछले चुनाव में नगर निकाय की सरकार नहीं बना पाई थी। इसका एक बड़ा कारण पार्टी के अंदर गुटबाजी और असंतोष था, कांग्रेस के अध्यक्ष शिबू नायर के खिलाफ संतोष के चलते अविश्वास प्रस्ताव भी लाया गया था परंतु वह भी ध्वस्त हो गया था। नए चेहरे को मौका देने के पीछे पार्टी की रणनीति क्या है, यह भी महत्वपूर्ण होगा। क्या इससे गुटबाजी कम होगी, या फिर असंतोष और बढ़ेगा?

### भाजपा के सामने चुनौती

अब पार्टी संगठन के सामने सबसे बड़ी चुनौती असंतुष्ट कार्यकर्ताओं को एकजुट करना और भीतरघात रोकना है। यदि पार्टी इस नाराजगी को संभालने में विफल रहती है, तो इसका सीधा लाभ विपक्ष को मिल सकता है। दल्लीराजहरा नगर निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस में गुटबाजी की स्थिति स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आ रही है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रवि जायसवाल को प्रत्याशी बनाए जाने के बाद उनके समर्थकों में उत्साह देखा जा रहा है, लेकिन कांग्रेस के भीतर ही कई असंतुष्ट गुट नाराज नजर आ रहे हैं। चुनाव में टिकट वितरण को लेकर असहमति और असंतोष के कारण भीतरघात की संभावना बढ़ गई है। कई अन्य दावेदारों के समर्थक इस फैसले से नाखुश हैं, जिससे पार्टी के भीतर गुटबाजी और कलह के संकेत मिल रहे हैं। यह स्थिति न केवल कांग्रेस बल्कि भाजपा में भी देखी जा रही है, जहां टिकट को लेकर असंतोष के चलते अंदरूनी मतभेद उभर रहे हैं।अगर दोनों ही पार्टियां इस गुटबाजी को नियंत्रित नहीं कर पातीं, तो चुनाव में भीतरघात की घटनाएं देखने को मिल सकती हैं, जिससे प्रत्याशियों की स्थिति कमजोर हो सकती है। आगामी चुनाव में यह देखना दिलचस्प होगा कि कौन-सी पार्टी अपने असंतुष्ट नेताओं और कार्यकर्ताओं को एकजुट रखने में सफल होती है। इस बार दल्लीराजहरा नगरीय निकाय का चुनाव कड़ा मुकाबला माना जा रहा है दिलचस्प होता जा रहा है जैसे-जैसे तिथि नजदीक आती जा रही है वैसे-वैसे चुनावी प्रचार भी तेज होते जा रहे हैं।

